मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 29/04/2026

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 184/2026
29 अप्रैल 2026
झारखंड मंत्रालय, रांची
=========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी की छात्रा कुमारी आराध्या राय को झारखंड विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार परिषद (JCSTI) के 'लोगो (प्रतीक चिन्ह)डिजाइन' प्रतियोगिता में विजेता चुने जाने पर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कुमारी आराध्या राय द्वारा तैयार किए गए ‘प्रतीक चिन्ह’ की सराहना करते हुए कहा कि यह डिजाइन राज्य के विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित करता है। ज्ञात हो कि कुमारी आराध्या राय ने अपने अभिनव एवं आकर्षक डिजाइन के माध्यम से JCSTI के लिए नया ‘प्रतीक चिन्ह’ तैयार किया है, जिसे प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ चुना गया है।

इस अवसर पर मंत्री श्री सुदिव्य कुमार सोनू एवं विधायक श्री विकास मुंडा उपस्थित रहे।
=====================
#Team PRD(CMO)